## एक नजर में

### एसके कान्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों का चयन

**जीरापुर 04 अक्टूबर, सं.** शालेय क्रीड़ा खेल प्रतियोगिता में संभाग स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता जो कि सीहोर में आयोजित हुई उसमें एस के कॉन्वेंट हाई सेकेंडरी स्कूल के छात्रओं ने भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया. छात्रों का राज्य स्तर पर चयन हुआ 14 वर्ष बालक अंकित मालाकार, वैभव बागड़ी का चयन पर संस्था प्राचार्य जयप्रकाश जयसवाल, शिक्षक चेन सिंह गुर्जर, अनिल शर्मा, सुरेश दांगी, पंकज कुंभकार, खेल शिक्षक मोहित परिहार एवं सभी शिक्षिकाओं ने विजेता खिलाड़ियों का सम्मान किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की.

### मां सरस्वती एकेडमी के छात्र राज्य स्तर का प्रतिनिधित्व करेंगे

**जीरापुर 04 अक्टूबर, सं.** मां सरस्वती एकेडमी के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भोपाल संभाग की ओर से चयन हुआ है. दिनांक 7 से 11 अक्टूबर को खंडवा (खालसा) में आयोजित अंडर-14 राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में पार्थ भावसार संभाग की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे. वहीं इसी अवधि में देवास में आयोजित सीनियर वर्ग सॉफ्ट टेनिस प्रतियोगिता में फाजिल खान नेतृत्व की भूमिका निभाएंगे. दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य सुरेश सुमन, समस्त स्टाफ सदस्यों ने ट्रॉफी प्रदान कर सम्मान किया.

### दुर्गावाहिनी ने पथ संचलन निकाला

**तलेन 04 अक्टूबर, सं.** नगर में विश्व हिंदू परिषद दुर्गावाहिनी की बहनों के द्वारा पथ संचलन निकला गया जिसमें नगर ओर ग्रामीण क्षेत्र से सभी माताओं और बहनों के द्वारा उत्साह पूर्वक भाग लिया गया. कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में साध्वी रंजना दीदी का उद्बोधन प्राप्त हुआ. कार्यक्रम में रिंकू जी सुनेरी प्रांत सह संयोजिका (मातृशक्ति), दीपा शर्मा प्रांत सह संयोजिका (दुर्गावाहिनी), विभाग मंत्री अशोक गुप्ता, जिला मंत्री हर्षवर्धन सिंह तोमर, जिला सह मंत्री रघुनंदन लववंशी, जिला सह मंत्री निकेश पुष्पद, प्रखंड अध्यक्ष पवन नाथ के साथ संपूर्ण प्रखंड ओर नगर के सभी कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे.

### मानस स्कूल की छात्रा का मार्शल आर्ट में चयन



**ब्यावरा 04 अक्टूबर, का.** 4 से 8 अक्टूबर भोपाल में आयोजित म.प्र. राज्य स्तरीय शालेय गतका मार्शल आर्ट 19 वर्ष बालिका में मानस हायर सेकंडरी स्कूल की कक्षा 12वी की छात्रा लक्ष्मी दांगी पिता मांगीलाल दांगी का चयन हुआ है. छात्रा पिछले वर्ष भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भोपाल संभाग की टीम में शामिल हुई थी. इस वर्ष संभाग स्तरीय प्रतियोगिता विदिशा में राजगढ़ जिले की ओर से शामिल होकर स्वर्ण पदक जीतकर राज्य स्तरीय टीम में अपनी जगह बनाई है. छात्रा की इस उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष महेश अग्रवाल, प्राचार्य आरएस राजपूत, खेल शिक्षिका विद्या चौहान, निकिता जोशी सहित समस्त मानस परिवार ने बधाई दी और छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की.

# आधा दर्जन सफाई कर्मियों को नोटिस थमाए

## अनुपस्थित कर्मचारियों व वार्डों में गंदगी मिलने पर स्वच्छता प्रभारियों को दिया नोटिस



**नवभारत न्यूज**

**सारंगपुर 04 अक्टूबर, सं. शहर में नगर पालिका सीएमओ ने शनिवार को विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों पर सख्त कार्यवाही करते हुवे नोटिस जारी किये है.**

नगर पालिका सी एम ओ सुश्री ज्योति सुनहरे द्वारा प्रात:काल सफाई कार्य का निरीक्षण किया एवं अनुपस्थित कर्मचारियों एवं वार्डो में गंदगी मिलने पर स्वच्छता प्रभारियों को नोटिस जारी करने हेतु निर्देश दिये व आवारा सुअर घुमने वाले सुअर पालकों के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कराई गई.

नगर पालिका परिषद सारंगपुर सीएमओ सुश्री ज्योति सुनहरे के द्वारा प्रात:काल नगर में भ्रमण कर झाड़ू, नाली एवं साफ सफाई किए जाने वाले सफाई कर्मचारियों के कार्यो का निरीक्षण किया गया साथ ही शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण भी किया जिसमें कर्मचारी लखन होटले पिता राजेश, अविनाश मनोज, नवीन गिरजे पिता अशोक गिरजे, राधेश्याम पिता सहीम, सजय पिता ताराचंद, नवीन पिता अशोक, राधेशयम पिता सहीम, अविनाश पिता मनोज, रोहीत पिता महेश, रेखा देवी रानवे, गुंजा बाई, मीणा बाई, ममता बाई को कर्तव्य से अनुपस्थित पाये जाने पर संबधित दारोगा को नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया गया. इसी प्रकार कुंदन गिरजे द्वारा वार्ड क्रमांक 10 गणेशदेरी व अटल चौक में एवं वार्ड क्रमांक 15 बागकुंआ टंकी क्षेत्र में तथा रवि रामप्रसाद को वार्ड 07 सीधाखाल में सफाई कार्य ठीक से नही करने व वार्ड में गंदगी पाये जाने व पवन होटले दैनिक वेतन कर्मचारी के द्वारा सौंपे गये वार्ड में सफाई नहीं करने से गंदगी होने पर सफाई कर्मियों को एवं संबंधित दारोगा से सफाई व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली तथा संतोषजनक उत्तर नहीं दिये जाने एवं अपने क्षेत्र में कार्यो के सही ढंग से निरीक्षण नहीं करने पर प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक सतीश कंडारे को संबंधितों कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गये. नगर में 4, 5 स्थानों पर मृत मवेशी पड़े हुए पाये जाने पर सिद्धनाथ ड्राइवर जो कार्य से अनुपस्थित थे मोबाईल से सम्पर्क किया गया परंतु उनका मोबाईल बंद पाये जाने पर सीएमओ सुश्री सुनहरे के द्वारा सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित के विरूद्ध अनुशासनात्मक व वैधानिक कार्रवाही करने हेतु निर्देशित किया गया. साथ ही नगर के सदर बाजार क्षेत्र त्रिपोलिया बाजार में चाय की दुकानदार द्वारा सड़क पर फेकें गये गारबेज को हटवाया गया तथा भेरूदरवाजा रोड पर आर के इलेक्ट्रानिक दुकान के समीप रहवासियों के द्वारा सड़क पर फेकें गये कचरे को हटवाया गया एवं वार्ड वासियों को समझाईश दी गई. एवं सडक पर कचरा डालने पर 200 रू. एवं नाली में कचरा डालने पर 500 रू. संबंधित से वसूल करने हेतु निर्देश दिये. नगर में घुम रहे आवारा सुअरों के मालिकों को नाटिस जारी किये जाने के उपरांत भी नगर में आवारा घुम रहे सुअरों के घुमने से संबंधित सुअर पालकों के खिलाफ थाना सांरगपुर में एफ आई आर दर्ज कराई जाकर उन पर कार्यवाही की जा रही है.

सुश्री सुनहरे द्वारा संबंधित वार्ड प्रभारी दारोगा को हिदायत दी अपने-अपने वार्डों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखें, छोटे नाले नालियों की नियमित सफाई कराएं, जिससे जल निकासी सुगम हो सके. साथ ही कहीं भी कचरा एकत्रित न होने दें. प्रतिदिन कचरे का निस्तारण करवाएं. भविष्य में वार्ड की सफाई व्यवस्था की उचित देखभाल करें सफाई ठीक से नहीं पाए जाने पर अनुशासनात्मक व वैधानिक कार्रवाही की जाएगी.

# हाई टेंशन लाइन के तार की चपेट में आने से 3 भैंसों की मौत

**नवभारत न्यूज**

**सुठालिया 04 अक्टूबर, सं. सुठालिया क्षेत्र के कई गांव में हाई टेंशन विद्युत लाईन के तार काफी नीचे तक झूल रहे हैं. जिसके कारण पूर्व में दुर्घटनाएं हो चुकी है.**

ताजा घटनाक्रम में सुठालिया क्षेत्र के ग्राम रतनपुरिया में काफी नीचे तक झूल रहे. हाई टेंशन लाइन के तार की चपेट में आने से तीन भैंस की दर्दनाक मौत होने की घटना प्रकाश में आई है. विदित है कि सुठालिया क्षेत्र के ग्राम रतनपुरिया अमरगढ़ खंडिया सहित कई गांव में हाई टेंशन लाइन के तार पोल काफी नीचे तक झुके हुए हैं जिसके चलते हर समय खतरा मंडराता रहता है शनिवार को ग्राम रतनपुरिया में हाई टेंशन लाइन के तार की चपेट में आने से तीन भैंस की मौत हो गई. ग्रामीणों के अनुसार हाई टेंशन लाइन के झूलते तारों को लेकर कई बार विद्युत वितरण कंपनी के जिम्मेदारों को अवगत कराया जा चुका है बावजूद इसके इस गंभीर मामले में अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया गया.

ग्राम रतनपुरिया निवासी माखन पिता लक्ष्मी नारायण की तीन भैंसों ने उस समय दम तोड़ दिया जब वह काफी नीचे झूल रही हाई टेंशन लाइन के तार की चपेट में आ गई करंट लगने से तीनों भैंस की मौके पर ही मौत हो गई. जिनकी कीमत लगभग 3 लाख के आसपास बताई गई है बताया जाता है कि करीब 1 वर्ष पूर्व ग्राम अमरगढ़ खंडिया में भी हाई टेंशन लाइन के झूलते तार की चपेट में आने से एक भैंस एवं बकरी की मौत हो गई थी.

> तार टूटने की जानकारी है फिलहाल संबंधित लाइन की सप्लाई को डिस्कनेक्ट कर बंद कर दिया गया है. जल्द ही लाइन को दुरुस्त एवं व्यवस्थित करवाया जाएगा
>
> **जेई शीतेष गुप्ता**

# दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान अंतर्गत पशुपालक से संवाद



**नवभारत न्यूज**

**सारंगपुर 04 अक्टूबर, सं.** प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विशेष पहल की जा रही है. इसके लिए दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान का क्रियान्वयन किया जा रहा है.

अभियान की निहित बिंदुओं के परिपेक्ष्य में क्रियान्वित कार्यो का सत्यापन एवं पशुपालकों से सीधा संवाद हेतु पशु पालन विभाग के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अमित शाक्या ने सर्वेयर अंकित लववंशी मैत्री कार्यकर्ता एवं प्रेम किशोर खींची सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी सारंगपुर द्वारा किए गए संपर्क अभियान का सत्यापन सारंगपुर के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण कर किया. पशु चिकित्सा अधिकारी जो इस अभियान में सुपरवाइजर की भूमिका निभा रहे हैं उन्होंने भी सारंगपुर के आस पास तारागंज, तलेनी, कालूखेड़ा, फूलपुरा के पशुपालकों से सीधा संवाद संपर्क कर पहुंचकर पशु पालकों को पशुओं की नस्ल सुधार खासकर सीमन से बछियां ही जन्मे, दुग्ध उत्पादन में वृद्धि, पशु पोषण, संतुलित पशु आहार, क्रमिनाशक टीकाकरण, पशु स्वास्थ्य ताकि दुग्ध उत्पादन एवं दुग्ध की पूर्ति सुगमता से हो और पशुपालकों की आमदनी में इजाफा हो इसके अलावा शासन की योजनाओं के तहत मिलने वाली सुविधाओं के बारे में पूछताछ की. पशुओं के आहार, प्रति नग दूध कितना देता है. दूध ज्यादा दे इसके लिए स्थानीय स्तर पर क्या किया जाए. वहीं दूध कहां कितनी दर पर बेचते हैं इत्यादि के साथ साथ अन्य विषयों पर संवाद किया गया. पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ शाक्या ने सभी पशु पालकों को पशुपालन केसीसी, पशु बीमा एवं पशुपालकों की हितग्राही मूलक योजनाओं में बारे में जानकारी दी.



**सुठालिया.** नगर में नवरात्री पर्व के समापन अवसर पर शनिवार कोबड़ाबाग में विशाल भंडारा सम्पन्न हुआ जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु महाप्रसादी को लेने के लिए पहुंचे.



# दशहरे मैदान में रावण के पुतले का किया दहन

**नवभारत न्यूज**

**छापीहेड़ा 04 अक्टूबर, सं.** नगर में विजयादशमीं का मुख्य समारोह नलखेड़ा रोड स्थित दशहरा मैदान पर हुआ. यहा 36 फिट के लगभग का रावण का दहन किया गया. इससे पहले भगवान श्री राम विवान में सवार होकर बाजार चौक स्थित श्री राम मंदिर से ढोल नगाड़े बैंड बजे के साथ नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए नलखेड़ा रोड स्थित दशहरा मैदान पहुंचे.

दशहरे मैदान पर ही रावण अंगद संवाद का मंचन किया गया. उसके बाद गुरुवार की शाम 6 बजे रावण के पुतले का दहन किया गया. उसके बाद जमकर आतिशबाजी की गई. पुतला दहन आतिशबाजी देखने के लिए हजारों लोग एकत्रित हुए. पुतला दहन के दौरान भारी पुलिस बल तैनात किया गया था ताकि कोई घटना न हो. पुतला दहन से पहले ही लोग दशहरे मैदान पर जाकर जम गए थे. पुतले को आग लगाते ही सुन्दर अतिशबाजी होने लगी. दर्शकों ने पुतला दहन आतिशबाजी का जमकर आनंद लिया.

बच्चे, युवा, महिलाए व बुजुर्ग मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जीत को देखने के लिए कार्यक्रम से दो घंटे पहले ही पहुंचने शुरू हो गए थे.

# शताब्दी वर्ष पर पथ संचलन निकाला

**नवभारत न्यूज**

**छापीहेड़ा 04 अक्टूबर, सं.** आरएसएस द्वारा शताब्दी वर्ष में पथ संचलन निकाला जिसमें 500 से भी अधिक स्वयंसेवकों ने कदमताल करते हुए संचलन में सहभागिता की. संचालन में मुख्य वक्ता प्रमोद पंवार प्रांत सह बौद्धिक प्रमुख ने कहा कि विजयदशमीं शक्ति की आराधना का पर्व है. समाज शक्ति की पूजा करता है. हमारा समाज और राष्ट्र सदियों से गौरवशाली रहा है. लेकिन सद्गुण विकृति के कारण हमारा समाज आत्मविस्मृत हो गया था. जिसके कारण हम पतन की ओर चले गए. इसी कारण से विदेशी आक्रांताओं ने हम पर बर्बरता पूर्वक शासन किया. इस शताब्दी वर्ष में संघ घर घर और जन जन तक अपने विचारों को पहुंचा रहा है. जिसमें पंच परिवर्तन मुख्य है. संचलन में जिला संघचालक प्रेमसिंह दांगी गिरीराज कारपेंटर मोहित गुप्ता



पुरूषोतम नागर रामचंद्र नागर हीरालाल कारपेंटर सहित विभाग एवं जिले के अधिकारी मौजूद रहे. कार्यक्रम में मुख्य शिक्षक कैलाश कुशवाह रहे.

### दमा की नि :शुल्क दवा वितरित

**सुठालिया 04 अक्टूबर, सं.** सोमवार व मंगलवार को शरद पूर्णिमा के मौके पर प्रात: 9 बजे से शाम 6 बजे तक डॉ. भारत सिह चौहान के क्लिनिक गढ़ी के पास हिमालय की खास जडी बूटी दमा स्वास रोग की नि:शुल्क दवा ब्रह्मी का वितरण किया जाएगा. जो भी मरीज इस बीमारी से परेशान है नि:शुल्क दवा लेने पहुँचे. उल्लेखनीय है कि विगत पंद्रह वर्षों से प्रतिवर्ष शरद पूर्णिमा पर हिमालय की जड़ी बूटियों से निर्मित यह दवा दमा श्वास रोगियों को नि:शुल्क वितरित की जाती है. इस दवा से अधिकांश रोगियों को फायदा हुआ है. श्री चौहान ने उक्त मरीजों से यह दवा लेने की अपील की है.

# आकर्षक आतिशबाजी के साथ 62 फीट के रावण का दहन



**पचोर 04 अक्टूबर, सं.** असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक विजयदशमी का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भगवान श्री मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का चल समारोह श्री राम भक्त हनुमान मंदिर भोजपुरीया पर विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ श्री राम भक्त हनुमान मंदिर से अखाड़े के साथ प्रारंभ हुआ. नगर में भगवान श्री राम का चल समारोह का नागरिकों द्वारा श्रद्धा व्यक्ति के साथ पूजा अर्चना की गई अखाड़े में नगर के प्रमुख चौराहों पर आकर्षक कलाबाजी दिखाई. इसी के साथ दशहरे मैदान पर आकर्षक आतिशबाजी को नागरिकों एवं बच्चों ने काफी सराहा. रावण दहन के पश्चात विधि विधान से दशहरे मैदान पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की पूजा अर्चना की गई. नगर परिषद द्वारा की गई शानदार व्यवस्था को लेकर नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोड़िया एवं परिषद को नागरिकों में बधाई देते हुए व्यवस्थाओं को सराहा.

# ढोल ढमाकों के साथ लाये भगवान श्रीराम लखन को

## दशानन का वध करने के बाद अयोध्या रूपी नगर में भगवान का भव्य स्वागत हुआ



**नवभारत न्यूज**

**छापीहेड़ा 04 अक्टूबर, सं. विजया दशमी पर दशानन का वध करने के बाद भगवान श्रीराम लखन का विमान नन्दीगाव मोहन दरवाजे स्थित पर रात्रि विश्राम रहा. अगले दिन इस वर्ष से नई परम्परा अनुसार सुबह पूजा अर्चना करने के बाद 9 बजे डोल ढमाकों बेंड बाजो के साथ दिव्य शोभायात्रा के साथ पुन: बाजार चोक के लिये रवाना हुए.**

इस बीच नगर में वापसी में भगवान श्रीराम लखन की पूजा अर्चना का सौभाग्य रास्ते मे आने वाले हर नगर वासियो को मिला. नगर वापसी में लोगो ने अपने घरों के सामने भगवान श्रीराम लखन की पूजा अर्चना कर आरती उतारी रंगोलियां स्वागत द्वार लगाए. इस दौरान रामपुरिया बालाजी मोहन दरवाजा तालाब मोहल्ला त्रिपोलिया बाजार में मंदिर के सम्मुख भव्य पूजा अर्चना कर आरती उतारी.

विमान के साथ धर्मप्रेमी लोग भजन मंडलिया डोल ढमाकों एव विजयी जुलूस निकालते नाचते गाते भगवान श्रीराम लखन को अपनी अयोध्या रूपी बाजार चोक श्रीराम मंदिर लाये. भगवान श्रीराम लखन की नगर वापसी दिन में होने से यह आयोजन बहुत ही भव्य एव अलौकिक रहा. बाजार चोक आने पर मंदिर के सम्मुख श्रीराम की भव्य आरती कर पूजा अर्चना कर प्रशादी वितरित की गई. इस दौरान नगर बन्द रहा. इस आयोजन में नगर के सभी धर्मप्रेमी लोग उपस्थित थे.

**मानस** ▶ **गणेश आदर्श रामलीला मण्डल द्वारा 53वीं रामलीला मंचन का समापन, नगर सहित अंचल से पहुंचे दर्शक**

# अयोध्या लौटे प्रभु श्रीराम, राज्याभिषेक के साथ महाआरती की

**नवभारत न्यूज**

**जीरापुर 04 अक्टूबर, सं.** विगत 53 वर्षों से नगर में भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के आदर्श चरित्र का मंचन श्री गणेश आदर्श रामलीला मंडल के तत्वाधान में अनुशासन एवं मर्यादाओं की अनुकरणीय शैली को परोसते हुए रामायण की चौपाइयों पर आधारित रामलीला का भव्य आयोजन संपन्न हुआ. जहां पर राम द्वारा पिता की आज्ञा का पालन राम लक्ष्मण माता सीता द्वारा 14 वर्ष का वनवास पूरा करते हुए राक्षस रावण का संहार किया. तथा अयोध्या वापसी हुई. अयोध्या पहुंचकर भरत को हनुमान जी द्वारा सूचना दी गई कि 14 वर्षपूर्ण हो चुके हैं राम वनवास से अयोध्या की ओर प्रस्थान कर रहे हैं भरत को जैसे ही राम के आगमन की सूचना मिली उन्होंने गुरु वशिष्ठ सहित माताओं को बुलाकर पूरी अयोध्या को आकर्षक दीप ज्योति से चकाचौंध एवं विद्युत डेकोरेशन से



सजाया गया राम का आगमन अयोध्या के लिए खुशियों भरा रहा जहां पर राम का राजतिलक किया गया. इस पुनीत पावन अवसर पर पहली आरती जो परम्परा अनुसार विगत तीन दशक से अधिक समय से विधायक हजारीलाल दांगी एवं पुर्व नपाध्यक्ष अध्यक्ष गोकरण वर्मा करते आ रहे उन्होंने आरती उतारी जहां प्रथम आरती राशि 41 हजार रूपए भेंट किए. वहीं दुसरी आरती पूर्व नपाध्यक्ष दिनेश पुरोहित 21 हजार रूपए में, तीसरी आरती संजय सिंह जमींदार, श्याम सुंदर करोडिया, ओम करोडिया 10 हजार एक सौ में एवं चौथी आरती नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाहा सहित पार्षद एवं श्री राम कुशवाहा सुंदरकांड समिति ने 15 हजार 551, पांचवीं आरती सीएमओ हरी ओम शर्मा, देवनारायण दांगी, ओंकार सिंह मण्डलोई ने 11 हजार, छठी आरती श्री बजरंग नवयुवक समिति हनुमान मंदिर किशनगढ़ संयोजक पं. श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में समिति सदस्यों ने 7500/- में की. विधायक हजारीलाल दांगी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिन्दू समाज के लोगों में इतनी जागृति आई है. हमारे यहां कि रामलीला मंचन प्रेरणा दायक है जहां पर हर कलाकार अपनी सेवाएं निशुल्क एवं उत्साह से पेश करते हैं. इसी कड़ी में आरती का सिलसिला जारी रहा जिसमें-खाड़ी वाले बालाजी सेवा दल समिति, हिंदू उत्सव समिति, गीता स्वाध्याय मण्डल, मां अम्बिका गरबा समिति बुधवारिया बाजार, भयंकर ग्रुप, तिरंगा मित्र मंडल, दांगी पेट्रोल पंप खिलचीपुर रोड़, कंवरलाल जाटव, दांगी कीर्तन मंडल, सुंदरकांड समिति डग रोड, प्रहलाद भावसार परिवार, श्रीराम भक्त सुंदरकांड समिति मनोहरलाल गुप्ता मुनीम, दिनेश राजकुराढ़ परिवार सहित अन्य भक्तों ने आरती की.

**लम्बे समय से सेवा सहयोग**- नगर के इन धार्मिक संगठनों एवं व्यक्तियों द्वारा लगातार रामलीला मंचन में सहयोग एवं सेवाएं प्रदान की जा रही जिनमें आरती के रूप में आर्थिक सहयोग एवं व्यवस्था में सहयोग नगर पालिका, पुलिस विभाग, राजतिलक की फूल मालाओं की व्यवस्था विगत 10 वर्षों से समाजसेवी दिनेश जमींदार द्वारा, मां बिजासन समिति द्वारा राम बारात के भोजन की व्यवस्था, गायत्री मंदिर, संस्थापक, व्यास गादी के द्वारा की जाती है संचालन सेवानिवृत्त 72 वर्षीय शिक्षक मोहनलाल पुष्पद ने किया.

# ट्रैक्टर ट्रॉली में पहुंचे रावण वध करने



**करनवास 04 अक्टूबर, सं.** श्री राम मंदिर से श्री राम की आरती कर विमान के साथ राम और रावण की सेना रथ में सवार होकर रामलीला मैदान में बस स्टैंड शहीद भगत सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल के मैदान में राम और रावण के लिए टेंट लगाकर मंच बनाया गया और इस बार नए-नए कलाकारों द्वारा बाली और सुग्रीव हनुमान अंगद आदि का पाठ बड़े ही सुंदर सुंदर ढंग से किया गया ठीक सामने रावण का कुंभकरण का मेघनाथ का मंच बनाया गया इस बार यह भी नए कलाकारों द्वारा सुंदर और रामलीला का मंचन इस बार विशेष रूप से आसपास के गांव बादल खेड़ी भीलवाड़िया गुजरीबे लक्ष्मणपुर, शेलापानी, सोजीपुरा, किशनपुरिया, समैली, केशरयाबे आदि गांव से बच्चे और बड़े काफी संख्या में लोगों ने राम और रावण 2 घंटे तक रामलीला का मंच से आनंद लिया ठीक 6 बजे श्री राम के द्वारा अग्निबाण से रावण का वध किया गया. इसके बाद श्री राम की आरती कर सभी ने घर-घर जाकर एक दूसरे को दशहरे की शुभकामनाएं दी.